3-JAN-JSP-BHOOMI-pg-1_Layout 1 1/3/2024 8:10 PM Page 1

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 4 जनवरी 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 12.2 डिग्री
न्यूनतम 8.2 डिग्री

4
15 मिनट में 5 किमी दौड़कर जीता सरसींवा योद्धा मिनी मैराथन 2023



स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)
प्रवेश प्राप्त करने का अंतिम अवसर
B.Ed D.Ed
नोट: शासकीय तथा अशासकीय टीचर जो जॉब में रहकर Part Time (Distance) B.Ed करने का सुनहरा अवसर
सम्पर्क : ज्ञानदीप एकेडमी अम्बिकापुर
पुराना बस स्टैण्ड के पास
मोबा.- 8839281593, 9174881569

## 1000 से 1200 फिट में भी पानी मिलना मुश्किल

# पत्थलगांव में पानी की किल्लत से लोग हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

अभी गर्मी की शुरुआत भी नही हुई है और पानी की भारी किल्लत से जशपुर रोड और पुरानी बस्ती के लोग पानी नही मिलने परेशान होने लगे है। जब अभी पानी अगर नही मिल पा रहा है तो सोचिये गर्मी में आमजनों का क्या हाल होगा पानी पत्थलगांव वासियों के लिए हमेशा से मुसीबत खड़ा करता रहा है। कारण दूर दूर तक किसी तरह का कोई पानी का ठहराव जैसी व्यवस्था नही है छोटे मोटे बांध तक आसपास नही है जिससे बोर से पानी निकलने में 1000, से 1200, फिट तक भी पानी निकलना दूभर हो जाता है। इतने दूर खनन के बाद भी निकलता है तो सिर्फ धूल पानी का नामोनिशान तक नही मिलता है।



पत्थलगांव के जशपुर रोड और पुरानी बस्ती में सप्लाई भातुडाण्ड रोड एवं जशपूर रोड के 3 दशक पूर्व हुए बोर से पानी प्लाई की जाती रही है पर अब उन बोर से पानी पर्याप्त मात्रा में नही निकलने से भारी परेशानी होने लगी है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार खेती करने वाले किसान अपने बोर को रात रात भर चालू कर खेती कर रहे है जिसके कारण थोड़ा मोड़ा मिल रहा पानी भी अब नही मिल पा रहा है। क्योकि सरकारी बोर कम दूरी का है जिसके कारण उसका पानी भी किसान का बोर घिच ले रहा है। जबकि शहरी क्षेत्र में आम लोगो को पानी नही मिलने की स्थिति में कोई भी किसान अपने खेती के लिए बोर चला कर खेती नही कर सकता पर प्रशासन की सुस्ती का फायदा उठा कर किसान रात रात भर बोर चला रहे है। और आम जन पानी की सप्लाई आने का इंतजार ही कर रहे है। नगरपंचायत के पार्षद अजय अग्रवाल ने कहा कि हम जल्द ही नया बोर करवा रहे है जिसके लिए जगह भी देखा जा रहा है। पानी की आपूर्ति बिल्कुल की जाएगी अगर यहां से बात नही बनती है तो विधायक गोमती साय से मिल कर जल्द ही पानी की समस्या को दूर किया जाएगा पत्थलगांव वासियों ने इन्ही सब कारणों से बीते हफ्ते ही स्थानीय विधायक गोमती साय से डुडुंगजोर नाला में पूर्व प्रस्तावित बांध की जल्द स्वीकृति देकर बांध बनाने ज्ञापन भी सौंपा था।

# बैठक से अनुपस्थित 10 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस

**जशपुरनगर**। कलेक्टर ने अभिलेख शुद्धता एवं नक्शा बंटाकन की समीक्षा में अनधिकृत अनुपस्थित रहने पर जशपुर विकासखण्ड के पटवारी, पहनं.17 सुनील खलखो, बगीचा विकासखण्ड के पटवारी पहनं.21 अमित चौहान, पटवारी पहनं. 35 विक्की गुप्ता, पटवारी पहनं.29 सोनम टोप्पो, पत्थलगांव विकासखण्ड के पटवारी पहनं.15 अनिता लहरे, पटवारी पहनं.16 अरूण लकड़ा, पटवारी पहनं.40 अशोक मांझी, कुनकुरी विकासखण्ड के पटवारी पहनं.05 श्रीमती संगीता मिंज, पटवारी पहनं.13 श्रीमती सरिता यादव एवं फरसाबहार विकासखण्ड के पटवारी पहनं.13 प्रियंका पैंकरा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

■ अभिलेख शुद्धता एवं नक्शा बंटाकन की समीक्षा में अनुपस्थिति पर कार्रवाई

कलेक्टर डा.रवि मितल ने 31 दिसम्बर 2023 को अभिलेख शुद्धता एवं नक्शाबंटाकन की समीक्षा हेतु अपरान्ह 12 बजे कलेक्टोरेट जशपुर के मंत्रणा सभाकक्ष में बैठक आयोजित की थी। बैठक में विभिन्न विकासखण्डों के 10 पटवारियों द्वारा अनाधिकृत अनुपस्थित रहने से शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं की संबंधित पटवारियों के हल्के की समीक्षा नहीं हो पाई। इस प्रकार पटवारियों द्वारा अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरती गई है। यह छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 व 07 के विपरीत है। कलेक्टर डॉ.मित्तल ने सभी पटवारियों को पत्र प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नक्शा बटांकन, अभिलेख शुद्धता एवं जियो रिफरेंसिंग अनडिसप्यूटेड पाइंट का अक्षांश, देशान्तर उपलब्ध कराने के कार्य में अपेक्षित प्रगति लाते हुए 06 जनवरी को समक्ष में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### तीन ठेकेदारों का अनुबंध निरस्त

**जशपुरनगर**। जल जीवन मिशन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में आबंटित कार्य को प्रारंभ व पूर्ण नहीं करने बंधित ठेकेदारों को बार-बार सूचित करने के बाद भी कार्य पूर्ण नहीं करने पर जल जीवन मिशन की बैठक के निर्णय नुसार 03 ठेकेदारों का अनुबंध निरस्त किया गया है। इनमें बगीचा विकाखखण्ड के ठेकेदार मेसर्स अंजनी कुमार सिंह द्वारा 03 वर्ष से कार्य प्रांरभ नहीं किया गया है। इसी प्रकार फरसाबहार के ठेकेदार मेसर्स उदय कंस्ट्रक्शन द्वारा 02 वर्ष से कार्य प्रांरभ नहीं किया गया और कांसाबेल के ठेकेदार मेसर्स एजाइल वर्क्स प्रालि द्वारा 1 वर्ष 1 महा से कार्य प्रांरभ नहीं किया गया है।

### जर्जर सड़क को किया गया दुरुस्त

**पत्थलगांव**। पुरन तालाब से महुवा टिकरा जाने वाली मार्ग के उबड़ खाबड़ सड़क को पार्षद अजय बंशल के प्रयास से ठीक या गया वार्ड नम्बर 14 से महुवा टिकरा जाने वाली उबड़-खाबड़ मार्ग को दुरूस्त किया गया है। पार्षद अजय बंशल ने गर पंचायत से जेसीबी भेजकर सड़कों में बने टिल्हे को बराबर कराया। आपको बता दें यह वार्ड पार्षद अजय बंशल का नहीं है फिर भी पर अपनी जिम्मेदारी समझते हुए उन्होनें बकायदा खड़े होकर सड़क को चलने लायक बनवाया। इससे एक बात तो समझ में आया कि कम से कम जितने संसाधन अपने पास मौजूद होते है अगर उनका भी सही उपयोग किया जाए तो शहर की लचर हो चुकी व्यवस्था को कुछ हद्द तक ठीक जरूर किया जा सकता है।

### अभाविप की नवीन कार्यकारिणी घोषित

**पत्थलगांव**। ठाकुर शोभा सिंह महाविद्यालय में आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नई कार्यकारिणी की घोषणा सरगुजा विभाग के विभाग संयोजक गुलशन पांडेय एवं पत्थलगांव के नगर मंत्री अमन गुप्ता के अगुवाई में की गई। इसमें अध्यक्ष आदर्श मिश्रा और उपाध्यक्ष अनिकेत तिवारी व महेंद्र महंत,मंत्री के रूप में दीपक सिंह के नाम शामिल हैं। नामों की घोषणा होते ही उन्होंने ठाकुर शोभा सिंह महाविद्यालय में अपना टीम बनाया । टीम में महाविद्यालय के नगर सह मंत्री -चंचल विश्वकर्मा, SFS प्रमुख -दुर्गेश गुप्ता ,sfd प्रमुख -देवनारायण,कला मंच प्रमुख -देवेन्द्र ,जनजाति प्रमुख -अमरदीप बैक ,क्रीड़ा प्रमुख- समीर बेहरा ,सोशल मीडिया प्रमुख -अमरजीत कुजूर को बनाया गया जैसे ही कार्यकारिणी की घोषणा हुई विद्यार्थी के द्वारा बधाईयां मिलना भी शुरू हो गया।

### अनुविभागीय अधिकारी को कारण बताओ नोटिस

**जशपुरनगर**। कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में बिना पूर्व सूचना दिए अपनुपस्थित रहने पर लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग जशपुर के अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने विगत दिवस 02 जनवरी 2023 को समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग जशपुर के अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम, बिना पूर्व सूचना दिए अनुपस्थित थे,उनके अनुपस्थिति में कोई प्रतिनिधि भी उपस्थित नहीं थे। श्री मरकाम के अनुपस्थिति के कारण उनके विभागों के कार्यों की समीक्षा नहीं की जा सकी। यह कार्य श्री मरकाम के पदीय कर्त्तव्यों के प्रति घोर उदासीनता को प्रर्शित करता है।

# कलेक्टर ने सहायक ग्रेड-02 को किया तत्काल प्रभाव से निलंबित

**जशपुरनगर**। कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने अनुविभागीय अधिकारी (रा) पत्थलगांव के सहायक ग्रेड-02 (नायब नाजिर) टीकम सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। टीकम सिंह द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 में विभिन्न निर्वाचन व्ययों

मतदान, मतगणना इत्यादि एवं पीओएल व्यय के लिये रूपये 3 लाख मात्र प्राप्त आबंटन को बिना किसी उच्चाधिकारी के अनुमोदन उपरांत मनमाने ढंग से अनन्त हाईवे सर्विस पत्थलगांव के प्रोपराईट बसन्त यादव को पीओएल राशि भुगतान करने के मामले में कार्यवाही हुई है। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार टीकम सिंह, सहायक ग्रेड-02 (नायब नाजिर) के द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 में विभिन्न निर्वाचन व्ययों मतदान, मतगणना इत्यादि एवं पीओएल व्यय के लिए रूपये 3 लाख मात्र प्राप्त आबंटन को बिना किसी उच्चाधिकारी के अनुमोदन उपरांत मनमाने ढंग से अनन्त हाईवे सर्विस पत्थलगांव के प्रोपराईट बसन्त यादव को पीओएल राशि भुगतान कर दिया गया है। उक्त संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (रा) पत्थलगांव द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिसका टीकम सिंह द्वारा आज पर्यन्त जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है। टीकम सिंह बाज, नायब नाजिर पत्थलगांव के द्वारा उच्चाधिकारियों के आदेश का अवहेलना करते हुए उन्हें सौंपे कार्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन नहीं करने के कारण नायब नाजिर शाखा पत्थलगांव से उप तहसील बागबहार में एवं कैलाश यादव, सहायक ग्रेड-03 को नायब नाजिर शाखा पत्थलगांव में कार्य करने हेतु आदेशित करने पर श्री कैलाश यादव, सहायक ग्रेड-03 के द्वारा प्रस्तुत आवेदन के अनुसार टीकम सिंह बाज के द्वारा आज पर्यन्त तक नायब नाजिर शाखा पत्थलगांव का प्रभार नहीं सौंपा गया है और न ही प्रभार सौंपने में कोई रूचि ली जा रही है। इस प्रकार श्री टीकम सिंह द्वारा उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना एवं स्वेच्छाचारिता तथा अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरती गयी है।

# बोर्ड परीक्षा की तैयारी: यशस्वी का मिशन 40 डेज प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में पिछले कई सालों से कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में बेहतर परिणाम दिया है। इस साल भी जिले को बेहतर परिणाम के लिए यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत मिशन 40 डेज का अक्षरशः क्रियान्वयन शासकीय एवं निजी विद्यालयों के सभी प्राचार्यां को अपने विद्यालय में करना है। इस हेतु सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को पने-अपने विकासखंड में मिशन 40 डेज के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी दी गई है जिसकी सतत मॉनिटरिंग उनके द्वारा की जानी है।

■ सभी बीईओ को ब्लाक में क्रियान्वयन करने के निर्देश

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने जिले के हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूलों को निर्देशित कर जिले में बेहतर परिणाम हेतु मिशन 40 डेज क्रियान्वयन करने कहा है। यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत जिले के सभी स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता उन्नयन के लिए कार्य किए जा रहे हैं और इसी के तहत मिशन 40 डेज का क्रियान्वित किया जा रहा है। विगत वर्षा की तरह इस वर्ष भी जिले के कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के बेहतर परिणाम के लिए सहायक साबित होगा। सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा ने मिशन 40 डेज के संबंध में कहा कि सभी बोर्ड परीक्षार्थी सफलता के लिए दिन-रात एक कर तैयारी करें और शिक्षक विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर उनकी शंकाओं और सवालों का समाधान करें। प्राचार्य अनिवार्य रूप से देखें कि उनके स्कूल के सभी शिक्षक नियमित रूप से स्कूल में उपस्थित रहें और विद्यार्थियों की उपस्थिति भी 100 प्रतिशत रहें। जिले के शिक्षक लगातार विद्यार्थियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए समर्पित भाव से कार्यरत हैं उन्हें अब और भी ज्यादा कार्य करने की आवश्यकता है, ताकि उनके बच्चे बोर्ड परीक्षा में अपना बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित करें। मिशन 40 डेज में 40 दिनों तक स्कूल की गतिविधियों की मानिटरिंग जिला एवं विकासखंड स्तर में लगातार होगी। बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम देगा उसे सम्मानित किया जाएगा। साथ ही विषय शिक्षक का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत होने पर उसे भी जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र सिन्हा ने कहा कि यशस्वी जशपुर द्वारा जारी मिशन 40 डेज के तहत दिए गए निर्देश का सभी प्राचार्य अनिवार्य रूप से पालन करें।

उन्होंने सभी विकास खंड शिक्षा अधिकारियों को स्कूलों का निरीक्षण कर रिपार्ट देने कहा। मिशन 40 डेज का क्रियान्वन सभी प्राइवेट स्कूलों में भी कराने के निर्देश दिए हैं। प्री बोर्ड एक और दो की समय सारिणी भी शीघ्र जारी की जाएगी। उनके अनुसार प्राचार्य परीक्षा में शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने बताया कि मिशन 40 डेज के तिथि वार गतिविधियों का उल्लेख है जिसके अनुसार शिक्षकों द्वारा बच्चों को बार-बार लिख कर अभ्यास कराना है। मुख्य रूप से एक, दो, तीन और चार अंकों के प्रश्नों के उत्तर की समय सारिणी अनुसार अभ्यास कराया जाना है।

## कॅरियर गाइडेंस की दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला खनिज न्यास अंतर्गत संचालित नवसंकल्प शिक्षण संस्थान में आज विशेष करियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में जापानी कम्पनी में वाईस प्रेसिडेंट के रूप में कार्यरत श्री अरविन्द मेहरा उपस्थित थे। श्री मेहरा ने संस्थान में अध्ययनरत छात्रों को विशेष तौर पर लीडरशिप के छात्र जीवन में महत्त्व के सम्बन्ध में संबोधित किया।

उन्होंने लीडरशिप के विभिन्न स्तर और विभिन्न क्षेत्रों के बारे में जानकारी देते हुए लीडरशिप के माध्यम से हम कैसे आसानी से सफलता अर्जित कर सकते हैं के बारे में बताया। साथ ही जीवन में वित्तीय प्रबंधन के महत्व के संबंध में आवश्यक टिप्स भी दिए। ज्ञात हो की अरविन्द मेहरा बीआईटी मेश्रा एवं आईआईएम बैंगलोर के एलुमिनी हैं और पूर्व में कैपजैमिनी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में काम किया है। सेमिनार में संस्थान के प्राचार्य डॉ.अनिल कुमार श्रीवास्तव ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए उनके आगामी परीक्षाओं हेतु उत्साहित किया और भविष्य में उनकी बेहतरी के लिए और भी सेमिनार आयोजित करने हेतु आश्वस्त किया है।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति: ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया अंतिम तिथि 15 तक

**जशपुरनगर**। छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, इंजीनियरिंग, मेडिकल कॉलेज, आईटीआई, बीटीआई नर्सिंग, पॉलिटेक्निक कॉलेज आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमे अध्ययनरत नुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्तिकी पात्रता रखते हैं, को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12 वीं से उच्चतर) के स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट http://postmatric-scholarship.cg.nic.in पर ऑनलाइन की जा रही है। जिसके अंतर्गत संस्थानों के प्रस्ताव, स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा पुनः तिथि वृद्धि की गई है।

वृद्धि तिथि अनुसार राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन हेतु (नवीन एवं नवीनीकरण) 31 दिसम्बर से 15 जनवरी 2024 तक, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 31 दिसंबर से 25 जनवरी 2024 तक एवं सैंक्शन लॉक करने 31 दिसंबर 2023 से 10 फरवरी 2024 तक निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथियों के पश्चात जिला सत्र 2023-24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु वेदन स्वीकृति नहीं किए जाएंगे। लॉक अथवा स्वीकृति करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जाएगा। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः ही जिम्मेदार होंगे। पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अतः सभी विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करते समय ध्यान रखें कि उनके द्वारा दर्ज किया गया बैंक खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडिंग बैंक खाता नम्बर की प्रविष्टि ही करना सुनिश्चित करें। सत्र 2023-24 से विद्यार्थियों द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु किए गए आवेदन का सत्यापन आधार से लिंक मोबाईल नम्बर परी ओटीपी के माध्यम से किया जाएगा।

## चिकित्सा अधिकारी व विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक को नोटिस

**जशपुरनगर**। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सिकल सेल स्क्रीनिंग में न्यूनतम उपलब्धि होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनोरा के खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक को नोटिस जारी किया है। राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन अंतर्गत 0 से 40 वर्षों तक के व्यक्तियों का सिकल सेल एनीमिया जांच किया जाना है। जांच हेतु 02 जनवरी 2024 के निर्धारित लक्ष्य 1575 के विरूद्ध 188 जांच मात्र 12 प्रतिशत की उपलब्धि पाई गयी। जिस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक को नोटिस जारी कर बताया कि योजना का नियमित रूप से मॉनिटरिंग नहीं किया जा रहा है। खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक के उक्त कार्य को कार्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता को प्रदर्शित है। जो छग सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम के विपरित है।

## जशपुर-हर्रापाठ-सन्ना डामरीकरण सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर-हर्रापाठ-सन्ना सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है और डामरीकरण कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जिले के रोड निर्माण की प्रगति बढ़ाने के निर्देश के पश्चात रोड निर्माण कार्य प्रगति में है। पीडब्ल्यूडी के उप अभियंता ने बताया कि जशपुर-सन्ना सड़क निर्माण अंतर्गत हर्रापाठ से सन्ना 10 किलोमीटर की सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। सड़क निर्माण के प्रारंभ होने से क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन में सुगम होगा। उन्होंने बताया कि डब्लूएमएम, डामरीकरण, बीसी कार्य, नाली निर्माण, गार्ड वॉल, रिटेनिंग वॉल कार्य प्रगति पर है। निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। क्षेत्र के लोगों को शीघ्र धूल मुक्त सड़क मिलेगा। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने निरंतर सड़क निर्माण कार्य की समीक्षा कर रहे हैं और गुणवत्ता युक्त कार्य करते हुए सड़क निर्माण कार्य को समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची पंडरीपानी एवं बोखी

# छत्तीसगढ़ का विकास होगा सांय सांय: कौशल्या साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसाबहार

जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरीपानी एवं बोखी में आयोजित विकसित रत संकल्प यात्रा में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय शामिल हुई। मुख्य अतिथि मती कौशल्या साय ने कहा कि आप लोगो ने अपने विधायक साय जी को बड़ी जबाबदारी दी है। भाजपा के घोषणा पत्र पर मोदी जी की गारंटी लगी है। अब छत्तीसगढ़ का विकास सांय सांय होगा। पारिवारिक संबंधों का उदाहरण देकर श्रीमती साय ने कहा कि सब मिल कर मोदी जी के संकल्प को पूरा करने में साथ देंगे तो 2047 में भारत एक स्वर्णिम राष्ट्र के रूप पूरे विश्व मे पहचाना जाएगा।




इस अवसर पर गारीघाट सरपंच श्रीमती सुशीला साय, श्रीमती सुश्री गंगा यादव, श्रीमती मुक्ता यादव, श्रीमती लक्ष्मी नागदेव, डीसी राजकुमारी भगत, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवशरण साय, पंडरीपानी भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष श्री किरण सिंह, मुक्तेश्वर य, पंडरीपानी सरपंच श्रीमती एलिन खेस्स प्रियांश भगत, दीपक चौहान, सुनील गुप्ता, जितेंद्र सोनी, सनक गिरी, गजानंद जारा, जयधरो यादव, शंकर यादव, धर्मेंद्र मिश्रा, राजेश अग्रवाल, अमित नायक, हेमसागर शर्मा, बोखी सरपंच प्रमोद कुमार पैंकरा, फरसाबहार जनपद पंचायत सीईओ धनेश कुमार टेंगवार, एबीईओ सी आर धुर्व, ग्राम पंचायत सचिव सुश्री राजमेत, बोखी सचिव नित्यानंद साय परहा सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक आर पी साय ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से मोदी जी गारंटी की 17 योजनाओं का लाभ आपके घर तक पहुंचना है। पंडरीपानी भाजपा मंडल अध्यक्ष देवशरण साय ने कहा कि आज यंहा विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर रथ आया है वह मोदी जी की गारंटी का रथ है। 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव एक फिर संकल्प के साथ मोदी जी का साथ देना है। आभार प्रकट करते हुए वेदप्रकाश भगत ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ मोदी जी की गारंटी का रथ है। यह रथ मोदी जी के सपनों को पूरा करने का है। मोदी जी ने जो गारंटी दी उसे पूरा किया जा रहा है।

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठकों के लिए
पाठक पुरस्कार योजना-2023
हरिभूमि के सूधि पाठकों को अवगत कराया जाता है कि पाठक पुरस्कार योजना का कूपन फार्मेट का प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

## नहीं रहे ऑस्कर नॉमिनेटेड एक्टर टॉम विल्किंसन



**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर थॉमस जेफ्री विल्किंसन उर्फ टॉम विल्किंसन अब इन दुनिया में नहीं रहे। 75 साल की उम्र में एक्टर ने अपनी आखिरी सांस ली। टॉम विल्किंसन बाफ्ता और गोल्डन ग्लोब जैसे अवॉड्र्स अपने नाम कर चुके हैं। टॉम विल्किंसन के निधन की खबर सामने आने के बाद हॉलीवुड इंडस्ट्री में शोक का माहौल है। उनके निधन की जानकारी उनके परिवार द्वारा जारी किए स्टेटमेंट के बाद सभी को मिली है। फैमिली के एजेंट के स्टेटमेंट में कहा गया है कि, बड़े दुख के साथ टॉम विल्किंसन का परिवार यह घोषणा कर रहा है कि 30 दिसंबर को घर पर उनका अचानक निधन हो गया। इस दौरान एक्टर की पत्नी और परिवार उनके साथ थे। हालांकि इस स्टेटमेंट में टॉम विल्किंसन के निधन का कारण नहीं बताया गया है। एक्टर के निधन की खबर ने सभी को बड़ा झटका दिया है। हॉलीवुड स्टार्स दिग्गज एक्टर टॉम विल्किंसन के निधन पर सोशल मीडिया पर शोक जाहिर कर रहे हैं। डेड इन ए वीक से उनके को-स्टाक एन्यूरिन बरनार्ड ने ट्वीट करते हुए दुख जाहिर किया है। वह लिखते हैं कि टॉम विल्किंसन के निधन की खबर से उन्हें काफी दुख पहुंचा है। एक्टर ने आगे अपने पोस्ट में लिखा कि टॉम विल्किंसन के साथ काम करके और उन्हें जानते हुए काफी अच्छा वक्त गुजरा। हमारे शानदार लीजेंड्स में से एक, जिसे हम अलविदा कहते हैं।अभी के लिए अलविदा टॉम।

टॉलीवुड

## लिट्टी चोखा से पहले दूध बेचता था ये भोजपुरी स्टार



**मुंबई।** खेसारी लाल यादव आज भले ही एक चमकते हुए सितारे हैं लेकिन जिंदगी में परेशानियां उन्होंने बहुत झेली हैं। आज के दौर में उनकी गिनती इंडस्ट्री के महंगे सितारों में होती है। एक शो पर उन्होंने बताया था कि एक्टिंग से पहले वो लिट्टी चोखा बेचते थे। लेकिन, क्या आपको पता है कि खेसारी इससे पहले क्या काम करते थे। कपिल शर्मा शो पर उन्होंने खुलासा किया था कि वो बचपन में लिट्टी चोखा बेचा करते थे।इस बात का जिक्र उन्होंने तब किया जब कपिल शर्मा ने शो के दौरान उनसे पूछ डाला कि क्या वो लिट्टी चोखा बेचते थे? इसपर जवाब देते हुए उन्होंने पहले हामी भरी फिर बताया कि उससे भी पहले वो दूध बेचने का काम करते थे। खेसारी यादव ने बताया कि जब वो छोटे थे तब भैंस का दूध बेचते थे। इसके साथ ही उन्होंने एक ऐसी बात बताई जो सुनकर सबके होश उड़ गए। उन्होंने कहा कि दूध में वो दो पाव पानी मिलाते थे, क्योंकि वो दूध के पैसे में से 10 रुपए चुरा लिया करते थे। कपिल ने जब उनसे पूछा कि वो पानी वाली दूध बेचते थे? तो उन्होंने कहा कि उस वक्त उनके लिए 10 रुपए की कीमत बहुत थी।10 का नोट लेकर वो भादो के मेले में जलेबी खाने जाया करते थे। शो पर खेसारी के साथ मौजूद निरहुआ भी थे। उन्होंने इस बात पर कहा कि दूध बेचने वाला इनका एक और किस्सा है जो बेहद मजेदार है। उन्होंने खुलासा करते हुए बताया कि एक बार खेसारी दूध बेचने जा रहे थे, रास्ते में उन्हें याद आया कि उन्होंने पानी नहीं मिलाया।

भोजपुरी

## आज रिलीज होगा 'सैंधव' का ट्रेलर, नया पोस्टर जारी



**चेन्नई।** साउथ सुपरस्टार वेंकटेश दग्गुबाती अपनी नई फिल्म 'सैंधव' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। वह इस फिल्म के जरिए एक्शन से भरपूर अवतार के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए वापस आ गए हैं। दर्शकों के बीच फिल्म के क्रेज देखने को मिल रहा है। अक्तूबर 2023 को निर्माताओं ने फिल्म का पवार-पैक टीजर जारी किया था, जिसे देख फैंस उत्साहित हो गए थे। वहीं, अब दर्शकों को फिल्म के दमदार ट्रेलर का इंतजार है। हालांकि, जल्द ही फैंस के इस इंतजार पर विराम लगने वाला है, क्योंकि ट्रेलर की रिलीज की तारीख का खुलासा हो गया है। फिल्म के निर्माताओं ने खुलासा किया कि 'सैंधव' का ट्रेलर तीन जनवरी को आएगा। इसके साथ ही निर्माताओं ने वेंकी और बेबी सारा का एक प्यारा पोस्टर लॉन्च किया। इस प्रोजेक्ट का निर्देशन सैलेश कोलानू ने किया है और यह फिल्म पिता-बेटी के रिश्ते और बॉन्डिंग पर आधारित है। इससे पहले टीजर में वेंकटेश को एक दयालु पिता और एक क्रूर व्यक्ति के रूप में दिखाया गया था, जो नवाजुद्दीन सिद्दीकी को उनकी सबसे बड़ी कार्टेल डील को पूरा करने से रोकने के मिशन पर थे। बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी सैंधव से अपना तेलुगु डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म में वह नकारात्मक किरदार में नजर आएंगे। नवाजुद्दीन के जन्मदिन पर निर्माताओं ने खलनायक 'विकास मलिक' के रूप में अभिनेता का बहुप्रतीक्षित पोस्टर जारी किया था और लिखा था, 'टीम सैंधव राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती है और उन्हें डरावने रूप में पेश करती है। 'सैंधव' एक अखिल भारतीय एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसमें वेंकटेश मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म निहारिका एंटरटेनमेंट बैनर के तले वेंकट बयानापल्ली द्वारा निर्मित है। संतोष नारायणन द्वारा संगीत दिया गया है। फिल्म में वेंकटेश और नवाजुद्दीन के अलावा बेबी सारा, आर्य, श्रद्धा श्रीनाथ, रूहानी शर्मा, एंड्रिया जेरेमिया, जिशु सेन गुप्ता और मुकेश ऋषि भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 13 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

लाइफ स्टाइल

देश के भीतर दुल्हन के श्रृंगार से जुड़ा बहुचर्चित शो ब्राइडल एशिया मुंबई (बीए मुंबई) अगले महीने 4 व 5 फरवरी को मुंबई में होने जा रहा है। अपनी तरह की पहली प्रदर्शनी, ब्राइडल एशिया आपके लिए दुल्हनों के आभूषण और सहायक उपकरण का चुनिंदा संग्रह लेकर आई है। इस प्रदर्शनी में दुनिया भर से डिजाइनर और फैशन विशेषज्ञ भी पहुंचते हैं। फिलहाल इस मेगा इवेंट की तैयारियां जोरों पर है।





## सर्दियों में चाहिए निखरती त्वचा तो मिल्क पाउडर का इस्तेमाल करें



सर्दियों का मौसम आते ही लोग अपनी त्वचा का ध्यान रखना शुरू कर देते हैं। इसकी वजह है कि इस मौसम में त्वचा काफी डल हो जाती है। चेहरे पर भले ही कितने प्रोडक्ट इस्तेमाल कर लिए जाएं लेकिन उसका असली गुलाबी निखार सर्दियों में खो जाता है। मिल्क पाउडर की मदद से आप अपनी त्वचा का ग्लो बरकरार रख सकते हैं। अगर आप मिल्क पाउडर की मदद से अपना चेहरा चमकाना चाहते हैं तो सबसे पहले चेहरे की क्लीजिंग करनी है। इसके लिए एक कटोरी में आधा चम्मच मिल्क पाउडर में एक चम्मच कच्चा दूध मिलाना है। अब इस पेस्ट को दस मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथ से मसाज करें। ऐसा करने से आपकी त्वचा की डेड स्कन हटने लगेगी। चेहरे को क्लीन करने के बाद स्टीमर की मदद से आप स्टीम ले सकती हैं। इससे आपकी त्वचा के पोर्स खुल जाएंगे। स्टीम त्वचा को हाइड्रेट करने में भी मददगार रहती है। इस स्टेप के बाद आपको मिल्क पाउडर की मदद से ही चेहरे की स्क्रबिंग करनी है। इसके लिए बस आधा चम्मच मिल्क पाउडर को दो चम्मच कच्चा दूध और एक चम्मच चावल का आटा मिलाएं। इससे अपने चेहरे पर अच्छे से स्क्रब करें।

चेहरे पर स्क्रब करने के बाद एक कटोरी में मिल्क पाउडर लेकर उसमें थोड़ा सा शहद और नारियल का

## बियर्ड ट्रिम करते हुए जब हो जाए गलती तो इन टिप्स से लें मदद



ज्यादातर पुरुष बियर्ड के बहुत बढ़ जाने के बाद ही ट्रिमिंग करते हैं। और फिर इतना ट्रिम कर देते हैं कि लुक खराब लगने लगता है। जबकि बालों को ट्रिम करने के बाद बियर्ड की लंबाई कम से कम 1 सेंटीमीटर तक होनी चाहिए। इससे कम होने पर बियर्ड आपके चेहरे पर खराब दिखती है। बियर्ड ट्रिम हो जाने के बाद अक्सर पुरुष कलम और गर्दन के बालों को ट्रिम करते ही नहीं हैं। जबकि ट्रिम बियर्ड तब ही सही लगती है जब कलम और गर्दन के पास भी इन्हें अच्छे से ट्रिम किया जाए। ऐसा करने के लिए ट्रिमर की सेटिंग थोड़ी कम करें। फिर जहां भी बाल ज्यादा हों ट्रिम कर दें। मूंछों को जरूरत से ज्यादा छोटा कर देना भी चेहरे के लुक को फुल मार्क्स नहीं मिलने देता है। इससे मूंछों का जुड़ाव दाढ़ी से टूट जाता है। इसलिए जरूरी है कि मूंछों को जरूरतभर ही ट्रिम किया जाए। मूंछों को उतना ही छोटा करें कि उसका जुड़ाव दाढ़ी से कम न हो। और दाढ़ी मूंछे आपस में जुड़ी रहें।

## लोहड़ी पर पारंपरिक तरीके से होने देखें इन अभिनेत्रियों के लुक्स

फैशन





लोहड़ी का त्योहार मकर संक्रांति के एक दिन पहले काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस बार 14 जनवरी को लोहड़ी मनाई जाएगी। पंजाब और हरियाणा में लोहड़ी की काफी धूम दिखाई देती है। इस त्योहार में लोग अपनी पहली फसल का भोग अग्नि देव को लगाते हैं। इसके लिए वो आग के चारों और चक्कर लगाते हुए उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी और मूंगफली चढ़ाते हैं। इस दौरान पुरुष और महिलाएं पारंपरिक तौर पर ही तैयार होते हैं। खासतौर पर अगर बात करें महिलाओं की तो वो बेहद ही खूबसूरत तरह से लोहड़ी के पर्व के लिए तैयार होती हैं।

अगर आपके घर में भी ये त्योहार मनाया जाता है या फिर आप पहली बार इसमें शामिल होने का सोच रहीं हैं तो हम आपको कुछ ऐसे लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जिससे टिप्स लेकर आप लोहड़ी के लिए तैयार हो सकती हैं। दरअसल, आज हम आपको कुछ अभिनेत्रियों और बॉलीवुड सेलिब्रिटीज के पंजाबी लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जो बेहद ही खूबसूरत हैं।

**सोनम बाजवा:** अगर हल्का सा कुछ पहनने का सोच रहीं हैं तो सोनम का लुक आपके लिए एक बेहद ऑप्शन है। स्काई ब्लू रंग के इस सूट के साथ माथे पर मांगटीका आप लगा सकती हैं।

**जैस्मिन भसीन:** इस तरह का शॉर्ट अनारकली कुर्ता और चूड़ीदार पायजामी आपको खूबसूरत लुक देने का काम करेगी। इसके साथ बालों में एक प्यारी सी चोटी जरूर बनाएं। कानों में भारी झुमके आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेंगे।

**सरगुन मेहता:** अगर शरारा पहनना पसंद है तो सरगुन का ये लुक आपके लिए परफेक्ट लुक है। इसके लिए आप लाल रंग शरारा अपने लिए तैयार करवा सकती हैं। इस लुक को पूरा करने के लिए बालों में कर्ल करके कानों में हैवी से झुमके जरूर पहनें।

**श्रद्धा आर्या:** अगर आप पारंपरिक रूप से पंजाबी लुक कैरी करना चाहती हैं तो श्रद्धा आर्या की तरह पटियाला सूट अपने लिए बनवा सकती हैं। इसके बाथ बालों परांदा जरूर लगाएं। इसी से आपका लुक और खूबसरत लगेगा। लुक को पूरा करने के लिए आप माथे पर मांगटीका भी लगा सकती हैं।

**शहनाज गिल:** अगर आपकी शादी के बाद ये पहली लोहड़ी है तो शहनाज गिल की तरह भारी सा शरारा आप अपने लिए तैयार करवा सकती हैं। इसके साथ अगर आप स्लीक स्टाइल का हेयर स्टाइल बनाएंगी, तो आपका लुक और भी ज्यादा क्लासी लगेगा।

## टीनएजर्स गर्ल्स के लिए बेस्ट हैं मॉर्निंग स्किन केयर रूटीन, एक्सपर्ट के बताए तरीके को करें फॉलो



टीनएजर्स गर्ल्स से अपनी स्किन का ध्यान रखने में लापरवाही हो जाती है। ऐसे में उनकी त्वचा डल और बेजान नजर आने लगती है। ऐसे में आपको जरूरत है एक्सपर्ट टिप्स की जिसे फॉलो करके आप अपनी स्किन का ध्यान रख सकते हैं। डॉ. गीतिका ने इन टिप्स को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया और बताया कि कैसे आप स्किन का ध्यान रख सकती हैं। टीनएजर्स गर्ल्स अपनी स्किन पर फोमिंग फेस वॉश का इस्तेमाल करें। ये स्किन के लिए काफी अच्छा होता है साथ ही माइल्ड क्लींजिंग करता है। इस तरह के फेस वॉश आपको बाजार में मिल जाते हैं जिनका इस्तेमाल आर रोजाना सुबह कर सकती हैं। आप चाहे तो इसकी जगह पर रोजाना एलोवेरा जेल का इस्तेमाल भी कर सकती हैं ताकि स्किन हाइड्रेट रहे।

### मॉइश्चराइजिंग क्रीम लगाएं

स्किन को हाइड्रेट रखने के लिए आप मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें। इससे आपकी स्किन हेल्दी रहती है। इसके लिए बेस्ट (सनस्क्रीन लगाने का तरीका) है कि आप सन प्रोटेक्टिव क्रीम का इस्तेमाल करें। मार्केट में आपको ऐसी कई सारी क्रीम मिल जाएगी। जिसे लगाकर आप स्किन को हेल्दी रख सकती हैं।

### फेस मास्क का करें इस्तेमाल

अगर आपको लगता है कि स्किन डल लग रही है तो इसके लिए आपको जरूरी है कि आप फेस मास्क का इस्तेमाल करें। इसके लिए आप घर (ब्यूटी हैक्स) पर ही एलोवेरा जेल फेस मास्क, दही फेस मास्क या फिर पपीता फेस मास्क का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसे आप रोजाना सुबह इस्तेमाल करें। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि इसके लिए आपको अपनी स्किन को क्लीन रखना है ताकि जब आप इसे चेहरे पर लगाएं तो कोई गंदगी न रहे।

## सटल लुक के लिए अपनी वार्डरोब में शामिल करें साड़ी डिजाइंस



साड़ी पहनने का शौक हर लड़की को होता है। इसलिए हर कोई मार्केट से जाकर अपने लिए अलग-अलग डिजाइंस की साड़ियां खरीदती हैं। कई बार ऐसा होता है कि कुछ डिजाइंस आपको पसंद होते हैं लेकिन जब आप वो ट्राई करते हैं तो अच्छे नहीं लगते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे आपको कुछ नया लुक नहीं मिलता है बस वही पुराने तरीके से साड़ी पहनना पड़ता है। ऐसे में अगर आप सटल लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो इसके लिए बेस्ट है कि आप इन साडियों को स्टाइल करें इसमें आप काफी सुंदर नजर आएंगी।

**बॉर्डर वर्क साड़ी :** सटल लुक के लिए बेस्ट है कि आप बॉर्डर वर्क साड़ी को वियर करें। इसमें आपको पतला बॉर्डर मिलेगा जिस पर साड़ी के ब्लाउज जैसी एम्ब्राइडरी की गई होगी। आप इस तरीके की साड़ी को वियर कर सकती हैं। ये सिंपल होती हैं और कहीं भी पहनी जा सकती हैं। इनकी खास बात ये है कि इन्हें स्टाइल करने में समय भी कम लगता है। आप इसे अपनी पसंद के फैब्रिक में खरीद सकती हैं। इसके साथ आपको हैवी वर्क ब्लाउज मिलेगा। इसलिए ये साड़ी और भी सुंदर लगेगी। इस तरह की साड़ी मार्केट में आपको 500 से 1000 रुपये में मिल जाएगी।


**मिरर वर्क साड़ी:** मिरर वर्क साड़ी भी सटल लुक के लिए बेस्ट है आप इन्हें भी ट्राई कर सकती हैं। इसमें आप काफी सुंदर (साड़ी फैशन) लगेंगी। इसमें आपको कोई बॉर्डर नहीं मिलेगा। बल्कि आपको पूरी साड़ी में थोड़ा-थोड़ा मिरर वर्क मिलेगा। जिससे ये साड़ी दिखने में हैवी लगेगी लेकिन रहेगी लाइट वेट। इसलिए आपको इस साड़ी को वियर जरूर करना चाहिए।

कार्नर न्यूज


फैशन के नाम पर अजीबो-गरीब चलन जोरों पर

# 'उल्टे' चश्मे से लेकर 'फटी' जींस-स्वेटर तक, जिन फैशनेबल चीजों का उड़ा मजाक वो बिकी सोने के भाव

*हाल के बरसों में कुछ अजीबो-गरीब फैशन ट्रेंड्स देखने को मिले। बड़े-बड़े ब्रांड ने इस साल के फैशन ट्रेंड्स को ट्राय किया। कई मास्क अपने डिजाइन और दाम के कारण प्रसिद्ध हुए। कुछ ड्रेस, चश्मे आदि वियर्ड फैशनेबल आइटम्स इंटरनेट पर चर्चा में रहे जिनको बेचकर कंपनी ने लाखों की कमाई की।*



**उल्टा चश्मा :** हर साल चश्मे कई स्टाइल और डिजाइन के आधार पर आते हैं। चश्मा पहनने वाला अपनी पसंद के आधार पर इनको चूज करता है। लेकिन इस साल एक अलग प्रकार का चश्मा मार्केट में आया है। इसका नाम इनवर्टेड कैट आइ ग्लासेज बताया गया। यह देखने में उल्टे चश्मे की तरह दिखाई दे रहा था। इसी वजह से ये सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में रहा। विश्व के चर्चित फैशन ब्रांड गूची ने इनवर्टेड कैट आइ ग्लासेज को लॉन्च किया था। इसके डिजाइन और कीमत दोनों ने ही लोगों को चौंका दिया।







**'प्योर गोल्ड' हेडफोन्स :** कोरोना काल में सोने का मास्क देखने को मिला। मगर साल खत्म होते-होते हमने सोने का बना हेडफोन भी देख लिया। इसको लेकर भी खूब बातें चलीं। हम अधिकतर प्लास्टिक या मैटल से बने हेडफोन्स का ही प्रयोग करते हैं। हमने ऐसे ही हेडफोन देखे हैं। लेकिन जब 'प्योर गोल्ड' हेडफोन्स बिकने लगे तो इस बात ने भी सबको शॉक्ड कर दिया।

**दाग लगी गंदी जींस :** कभी घास पर फिस कर गिरे होंगे तो आपको उसका दाग याद होगा! ऐसे दाग वाली एक जींस मार्केट में बिकने लगी। इस दाग लगी गंदी जींस को देखकर कई लोग सोच में पड़ गए, भला कौन ऐसी जींस को खरीदना पसंद करेगा। दरअसल, लग्जरी फैशन ब्रांड गुची ने अपना विंटर कलेक्शन लॉन्च किया। उसमें इस दाग वाली जींस को भी शामिल किया।


**फटा हुआ स्वेटर :** फैशन की दुनिया में आए दिन कुछ न कुछ एक्सपेरिमेंट होते रहते हैं। ऐसी ही चीजें हमारे ध्यान को आकर्षित करती हैं। हाल ही में सर्दी से बचाने के लिए फटा हुआ स्वेटर बिकने लगा। लोग इस स्वेटर के डिजाइन को देखकर सोच में पड़ गए। लोग पूछने लगे- भाई ये क्या बिक रहा है। सोशल मीडिया पर इस स्वेटर ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचने का काम किया। इस आउटफिट को विश्वविख्यात फैशन ब्रांड जारा ने विंटर में लॉन्च किया है।

## सालार हिंदी वर्जन में 125 करोड़ के पार





*मुंबई। प्रभास की फिल्म 'सलार' थिएटर्स में एंटरटेनमेंट का सॉलिड डोज दे रही है। पहले हफ्ते में 'सलार' ने हिंदी वर्जन से 92 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन कर लिया था. दूसरे वीकेंड में फिल्म की हिंदी वर्जन से कमाई लगातार बढ़ती रही. शुक्रवार को 6 करोड़, शनिवार को 7.25 करोड़ और रविवार को 9 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन के साथ हिंदी में भी 'सलार' की दमदार कमाई जारी रही।*

## एनिमल का जलवा 31वें दिन बरकरार





मुंबई। रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल बेधड़क थिएटर्स में चल रही है। तमाम क्रिटिसिज्म के बावजूद रणबीर कपूर की इस फिल्म ने जमकर कमाई की है। अपने लिमिटेड स्क्रीन काउंट के साथ संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म अपनी जगह डटी रही। फिल्म ने रिलीज के 31वें दिन देश में 1.67 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का टोटल कलेक्शन अब 544.93 करोड़ रुपए है।

## 400 करोड़ के करीब पहुंची डंकी




मुंबई। पहले हफ्ते में 160 करोड़ से ज्यादा नेट कलेक्शन कर चुकी 'डंकी' ने रविवार को 11.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। रिपोर्ट के अनुसार 12वें दिन, सोमवार को 'डंकी' ने शनिवार से भी ज्यादा कलेक्शन किया है। 2024 के पहले दिन शाहरुख की फिल्म ने 9.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। अब 12 दिन में शाहरुख की फिल्म 'डंकी' बॉक्स ऑफिस पर 397 करोड़ नेट इंडिया कलेक्शन कर चुकी है।



# नए साल में अर्जुन ने बनाया नया टैटू...

मुंबई। 2 स्टेट्स, इशकजादे और मुबारकां के लिए एक्टर अर्जुन कपूर ने नए साल का स्वागत एक पॉजिटिव सोच के साथ किया। उन्होंने अपने कैल्फ पर एक नया टैटू बनवाया है। इसमें लिखा है राइज। एक्टर ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम पर टैटू डिजाइन का एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हम जो थे उसकी राख से ही हम वह बन सकते हैं जो हमें बनना है। सोशल मीडिया पर अर्जुन का ये टैटू वीडियो काफी वायरल हो रहा है। उनके वीडियो पोस्ट पर एक्टर अभिषेक बच्चन ने हाथ उठाने वाला इमोजी के साथ अपनी प्रतिक्रिया दी है।

**लाइफ Style**

# अदिति
## सिद्धार्थ संग कंफर्म की रिलेशनशिप

नए साल का आगमन बड़े धूमधाम से हो गया है। किसी ने अपने परिवार तो किसी ने अपने दोस्तों के साथ नए साल को वेलकम किया है। इसी बीच पद्मावत' फेम एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ फोटो शेयर कर अपनी रिलेशनशिप को कंफर्म कर दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अदिति राव हैदरी सोशल मीडिया पर खासी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपने फैंस के साथ पोस्ट और स्टोरीज के माध्यम से जुड़ी रहती हैं। एक्ट्रेस सिद्धार्थ के साथ तस्वीरें और वीडियोज भी शेयर करती रहती हैं, लेकिन जब भी रिलेशनशिप को लेकर सवाल किया जाता है तो दोनों इसे सीक्रेट रखने की कोशिश करते हैं। हालांकि एक्ट्रेस की हालिया पोस्ट से उनकी और सिद्धार्थ के रिश्ते को लेकर फिर से चर्चा बढ़ गई है। अदिति राव हैदरी ने न्यू ईयर के मौके पर सिद्धार्थ के साथ इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में अदिति और सिद्धार्थ कैमरे के लिए पोज दे रहे हैं। दोनों की इस तस्वीर से लगता है कि शायद वे विदेश में वेकेशन एन्जॉय कर रहे हैं। फोटो शेयर करते हुए अदिति ने कैप्शन में लिखा, खुश, धन्य और आभारी। जादुई खुशी, प्यार, हंसी, यूनिकॉर्न और फेयरी डस्ट के लिए। आप सभी को नए साल की शुभकामनाएं। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ सोशल मीडिया पर जमकर रिएक्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने कहा, तो यह ऑफिशियल हो गया। एक ने लिखा, परफेक्ट। एक यूजर ने कहा, बढ़िया चॉइस है। आप दोनों एक-दूसरे को डिजर्व करते हैं।



**हॉलीवुड मसाला**



# बीच किनारे चिल करती दिखीं

लॉस एंजेलिस। अमेरिकी एक्ट्रेस जेनिफर लोपेज 1991 में अपने डेब्यू के बाद से कई लोगों के दिलों पर राज कर रही हैं। हसीना अपने काम, लुक और एक्सेसरीज से अक्सर फैंस का दिल चुरा लेती हैं। वहीं अब एक बार फिर जेनिफर ने अपने लुक्स से तहलका मचा दिया। इन तस्वीरों में जेनिफर बीच किनारे चिल मूड में नजर आ रही हैं। लुक की बात करें तो जेनिफर व्हाइट बिकिनी में बेहद हॉट लग रही हैं। इस बिकिनी टॉप में वह अपने टोन्ड एब्स फ्लॉन्ट कर रही हैं।




# पब्लिक स्क्रूटनी से नाराज है एंजेलिना

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस एंजेलिना जोली और उनके स्टार पति ब्रैड पिट के बीच हुए विवाद से हर कोई वाकिफ है। इस वक्त एंजेलिना पब्लिक स्क्रूटनी से बिल्कुल भी खुश नहीं हैं। वो इस बात से नाखुश हैं कि उनकी गलत इमेज बनाई जा रही है। यही वजह है कि वो हॉलीवुड को अलविदा कहने वाली हैं। यानी वो अब एक्टिंग नहीं करेंगी। बता दें कि एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट ने तब एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था, जब वे 'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ' के सेट पर मिले थे। इससे पहले ब्रैड पिट की जेनिफर एनिस्टन से शादी हो चुकी थी, लेकिन उन्होंने पांच साल का रिश्ता तोड़ दिया था। इनके 6 बच्चे हुए।



# इंटीमेट सीन को लेकर मौनी हुईं ट्रोल...

मुंबई। अभिनेत्री मौनी रॉय सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अपनी तस्वीरों को वीडियोज के साथ अक्सर सुर्खियों में रहने वाली मौनी ने हाल ही में कुछ तस्वीरें और वीडियोज अपने पति सूरज नांबियार के साथ शेयर की है, जिसको देख फैंस की धड़कने तेज हो गई हैं। मौनी ब्लैक बिकिनी में पति के साथ पूल में नजर आ रही है, जहां दोनों का पूल रोमांस नजर आ रहा है। कपल की सिजलिंग केमिस्ट्री फैंस का दिल जीत रही है।कुछ यूजर्स ऐसे भी हैं, जिन्हें मॉनी का ये रूप बिलकुल पसंद नहीं आ रहा है। लोग उनके इस पोस्ट और रिवीलिंग बिकिनी पहनने पर ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- अरे कुछ तो शर्म कर लिया करो। एक अन्य ने लिखा, पूरे कपड़े पहनना कभी सीख पाओगी। एक अन्य ने लिखा- अरे इज्जत बची है, थोड़ी से बेशर्म।



# करण ने दिखाए अपने वॉशबोर्ड एब्स...

मुंबई। एक्टर करण सिंह ग्रोवर, जो अपनी अपकमिंग फिल्म 'फाइटर' की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं, ने मंगलवार को अपनी तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह अपने टोन्ड बॉडी और वॉशबोर्ड एब्स फ्लॉन्ट कर रहे हैं। करण, जो 'दिल मिल गए' और 'कुबूल है' जैसे शो में अपने काम के लिए जाने जाते हैं, एक फिटनेस फ्रीक हैं और अक्सर सोशल मीडिया पर अपने वर्कआउट रूटीन भी शेयर करते रहते हैं। एक्टर ने कई तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वह पानी के बीच में नजर आ रहे हैं और अपने बाइसेप्स, मसल्स और वॉशबोर्ड एब्स दिखा रहे हैं। पोस्ट का टाइटल 'मेटमोरफोसिस' था। करण, जो जल्द ही ऋतिक रोशन-स्टारर 'फाइटर' में दिखाई देंगे। एब्स को देखकर एक फैन ने लिखा, आखिरकार ऋतिक को तगड़ा कॉम्पिटिशन मिलेगा।

**टीवी मसाला**

# पलक की पर्सनल चैट लीक

मुंबई। एक्ट्रेस पलक तिवारी के साथ सोशल मीडिया स्टार ऑरी ने अपनी पर्सनल चैट लीक की है। इस चैट को देखकर सब हैरान हो गए हैं क्योंकि ओरी ने इसमें एक्ट्रेस पलक को मिडिल फिंगर दिखाई है। ऑरी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर श्वेता तिवारी की बेटी पलक के साथ अपनी चैट का ऐसा स्क्रीनशॉट शेयर किया है, जिसे देखकर सब हैरान हैं। ओरी ने मैसेज का स्क्रीनशॉट शेयर किया है, जिसमें पलक का मैसेज कर रही हैं कि ऑरी, पलक बोल रही हूं। क्या तुम्हें माफी चाहिए। ऑरी फिर उन्हें मिडिल फिंगर वाला इमोजी भेजते हैं। पलक जवाब देती हैं सारा की रिस्पेक्ट की वजह से मैं बोल रही हूं। इस पर ऑरी कहते हैं नहीं बेब, मुझे माफ कर दो। या तो आप सेल्फ रिस्पेक्ट के कारण माफी मांगो क्योंकि आपको पता नहीं कैसे बात करनी चाहिए। पलक का आखिर में मैसेज होता है मैंने माफी मांग ली है।



**मनोरंजन से भरपूर होगा पूरा महीना**

# जनवरी में रिलीज हो रहीं ये बड़ी फिल्में, पहली बार साथ दिखेंगे विजय व कैट

*नई दिल्ली। नए साल की शुरुआत के साथ ही सिनेप्रेमियों को कई बड़ी फिल्मों की सौगात मिलने वाली है। दिसंबर का महीना सिनेमा और सिनेमाघरों दोनों के लिए बढ़िया रहा है। बहरहाल, 2024 का आगाज होते ही कई ऐसी फिल्में रिलीज होने वाली हैं, जिनका इंतजार दर्शकों को बेसब्री से है। साल के जाते-जाते 'डंकी' और 'सालार' की भिड़ंत ने भी बॉक्स ऑफिस पर खूब सुर्खियां बटोरीं। इस बड़े टकराव के बावजूद दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया प्रदर्शन किया है।*




### ऋतिक व दीपिका की 'फाइटर'

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण लंबे समय से फिल्म 'फाइटर' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इसमें पहली बार ऋतिक और दीपिका की जोड़ी देखने को मिलने वाली है। अनिल कपूर भी इस फिल्म का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दे चुके सिद्धार्थ आनंद इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। 'फाइटर' गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले यानी 25 जनवरी को सिनेमाघरों का रुख करेगी।

### कैटरीना-विजय सेतुपति की 'मेरी क्रिसमस'

कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति फिल्म 'मेरी क्रिसमस' में पहली बार साथ दिखाई देंगे।




फिल्म को श्रीराम राघवन ने निर्देशित किया है। 'मेरी क्रिसमस' एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जो 12 जनवरी को हिंदी और तमिल में रिलीज होगी। फिल्म एक रहस्यमई रात की कहानी है। दोनों सितारों के प्रशंसक इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं।

### 'कल्कि 2898 एडी में अमिताभ विलेन'



नाग अश्विन के निर्देशन में बन रही फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' पिछले काफी समय से अपनी रिलीज को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है। इस फिल्म के जरिए पहली बार प्रभास और दीपिका पादुकोण की जोड़ी बनने जा रही है, वहीं अमिताभ बच्चन इसमें विलेन की भूमिका में दिखने वाले हैं। फिल्म 12 जनवरी को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी। सैन डिएगो में हुए कॉमिक-कॉन इवेंट में इस फिल्म का टीजर जारी किया गया था।

***ये 2 फिल्में भी चर्चा में :*** *रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या की फिल्म 'लाल सलाम' 12 जनवरी को रिलीज होने वाली है। ऐश्वर्या ने फिल्म का निर्देशन किया है, वहीं रजनीकांत इसमें कैमियो करने वाले हैं। उधर महेश बाबू भी अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'गुंटूर कारम' 12 जनवरी को लेकर आ रहे हैं।*

### 'मैं अटल हूं', 19 जनवरी से बड़े पर्दे पर




जल्द ही अभिनेता पंकज त्रिपाठी फिल्म 'मैं अटल हूं' में दिखाई देंगे। इस फिल्म में वह पूर्व प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार निभा रहे हैं। रवि जाधव के निर्देशन में बनी इस फिल्म में जुबिन नौटियाल ने अपनी आवाज दी। फिल्म में अटल के जीवन और राजनीति संघर्षों को दिखाया जाएगा। यह फिल्म 19 जनवरी को रिलीज होगी।

## खबर संक्षेप

### नशे की हालत में मृत मिला युवक

**घरघोड़ा।** नगर के शराब दुकान के पास युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धीरज कुमार पाण्डे पिता बसन्त लाल पाण्डे उम्र 32 वर्ष पता सियाडिही, जिला प्रयागराज उप्र का शव दारुभट्टी के नजदीक नाली के पानी में मिला जिसकी जांच घरघोड़ा थाना प्रभारी शरद चंद्रा ने मौके पर जाकर की एवं इस संबंध में मर्ग कायम किया प्रथम दृष्टया यह मामला ज्यादा नशे का लग रहा है आगे की कार्रवाई जारी है।

### छोटे व्यावसायियों के लिए पीएम स्व निधि योजना

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री स्व निधि योजना अंतर्गत शहरी पथ विक्रेताओं को कम ब्याज दर पर बैंको के माध्यम से लोन उपलब्ध करवाया जा रहा है। इससे पथ विक्रेता अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने योजना से ज्यादा पथ विक्रेताओं को जोड़ने के निर्देश दिए हैं। मिशन प्रबंधक केदार पटेल ने बताया कि स्व निधि योजना अंतर्गत पथ विक्रेताओं को उनके व्यवसाय के लिए बैंकों के माध्यम से लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसमें बैंकों द्वारा प्रथम ऋण 10 हजार रुपए, द्वितीय ऋण 20 हजार एवं तृतीय ऋण 50 हजार तक का प्रदान किया जा रहा है। व्यवसाय को ज्यादा बड़े रूप में करने के लिए डे एनयूएल अंतर्गत व्यवसाय किए जाने हेतु अधिकतम 2 लाख तक ऋण 7 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध होगा। हितग्राही स्व निधि योजना पीएम विश्वकर्मा योजना की अधिक जानकारी के लिए डे एनयूएलएम शाखा निगम में संपर्क कर सकते हैं।

### बीकानेर और शालीमार में अतिरिक्त कोच की सुविधा

**रायगढ़।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 20471/20472 बीकानेर-पुरी-बीकानेर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी थ्री कोच की सुविधा बीकानेर से 07,14,21 व 28 जनवरी को एवं पुरी से 10,17,24 व 31 जनवरी 2024 को उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 20971/20972 उदयपुर, शालीमार,उदयपुर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी थ्री कोच की सुविधा उदयपुर से 06,13,20 व 27 जनवरी को एवं शालीमार से 07,14,21 व 28 जनवरी 2024 को उपलब्ध रहेगी।

### सारंगढ़ कलेक्टर ने की विभागीय समीक्षा

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने बैठक में खाद्य अधिकारी से जिले में पेट्रोल डीजल की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। डॉ. सिद्दीकी ने कहा कि सतत निगरानी करते हुए व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यवाही के निर्देश दिए। डॉ. सिद्दीकी ने धान खरीदी, उठाव और एफसीआई और खाद्य, नागरिक आपूर्ति निगम के भंडारण के लिए भेजे जाने वाले धान के संबंध में लक्ष्य और कार्यों के संबंध में खाद्य अधिकारी श्री ध्रुव, जिला विपणन अधिकारी मनोज यादव, सहायक पंजीयक सहकारिता व्यासनारायण साहू से जानकारी ली और निर्देश दिए। अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर डॉ. सिद्दीकी ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि ऐसे प्रकरणों पर वे स्वयं संज्ञान लें और कार्रवाई करें। बैठक में कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सभी विभागों द्वारा शिविर में दिए जा रहे सुविधाओं के बारे में विभागवार जानकारी ली और निर्देश दिए कि सभी योजना का लाभ हितग्राहियों को उपलब्ध कराएं।

### पुसौर में 30 फीसदी गिरा अपराध का ग्राफ

**पुसौर।** थाना पुसौर में वर्ष 2023 में कुल 303 अपराध कायम किया गया जिसमें 173 भारतीय दण्ड विधान के एवं 130 अपराध लघु अधिनियम के रहे जबकि 2022 में 427 अपराध पंजीबद्ध रहे। इस प्रकार इस वर्ष 34/30.67प्रतिशत/अपराध में कमी आई। गंभीर अपराध अंतर्गत 6 प्रकरण रहे जिसमें 11 आरोपी गिरफ्तार है वहीं बलात्कार के 5 प्रकरणों में सभी की गिरफ्तारी हुई है। अपहरण के 4 प्रकरणों में 3 प्रकरणों में पिडिता को दस्तयाब किया गया है।

## राज्य स्तरीय मैराथन में 130 धावकों ने लिया भाग

# 15 मिनट में 5 किमी दौड़कर जीता सरसींवा योद्धा मिनी मैराथन 2023

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

सरसींवां में राज्य स्तरीय मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन तृतीय वर्ष किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सरसींवां नगर पंचायत अध्यक्ष नीतीश बंजारे ने भारत माता की पूजा अर्चना कर एवं हरी झंडी दिखाकर किया गया। दौड़ पेंड्रावन रोड पर आयोजित किया गया। बसस्टैंड सरसींवां में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि नीतीश कुमार बंजारे थे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य रेशम लाल कुर्रे, वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र केसरवानी, स्काउट्स जिला प्रशिक्षण आयुक्त शंकरलाल साहू, समाजसेवी गोपी साहू, व्यवसायी मनीष केड़यिा, व्याख्याता कमलेश साहू, गोरेलाल साहू, शिवा साहू आदि उपस्थित थे।

आयोजन के संबंध में समिति के सदस्य ललित साहू ने बताया कि मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का यह लगातार तीसरा वर्ष है। इस वर्ष महिला एवं पुरुष वर्ग के अलग अलग आयु वर्ग में प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें अंडर 40 आयु वर्ग में 85 पुरुष प्रतिभागी एवं 25 महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 20 प्रतिभागी कुल 130 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मैराथन दौड़ को लेकर सरसींवां सहित आसपास के गांव के लोगों में भारी उत्साह रहा। प्रातः 7 बजे से ही दौड़ देखने के लिए कतार बद्ध खड़े थे। पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए नीतीश बंजारे ने कहा कि नवगठित सरसींवां नगर पंचायत क्षेत्र में छग राज्य स्तरीय मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन होना क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। खेल में जीतना जरूरी नहीं भाग लेना बड़ी बात है। आयोजक समिति के युवाओं का उत्साह को देखते हुए उन्होंने अगले वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर मैराथन दौड़ प्रतियोगिता आयोजीत करने की घोषणा की। रेशम कुर्रे ने कहा कि आयोजक समिति के युवाओं के साथ साथ धावकों के जोश और जुनून सरसींवां की सड़कों पर आज परिलक्षित हो रहा था। समारोह को मनीष केड़यिाए देवेंद्र केसरवानी ने भी संबोधित किया। इनका रहा योगदान स्काउट्स, गाइड्स पुलिस व स्वास्थ्य का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम को सफल बनने में। मनीष कुमार लगातार तीसरी बार विजेता पुरस्कार वितरण समारोह में जब विजेताओं के नामों की घोषणा की गई तो तालियों की आवाज से गूंज उठा।

अंडर 40 पुरुष वर्ग में लगातार तीसरी बार विजेता बनने का गौरव रतनपुर के मनीष कुमार को मिला, जिन्होंने 5 किलोमीटर की दूरी को महज 15 मिनट 17 सेकंड में तय किया। द्वितीय स्थान ओमकार वर्मा बेमेतरा, तृतीय चंद्रप्रकाश पामगढ़, चतुर्थ ईश्वर प्रसाद बलौदाबाजार, पंचम बनारसी सूरजपुर, महिला वर्ग में प्रथम प्रियंका साहू दुर्ग, द्वितीय मीरा साहू रायपुर, तृतीय प्रतिमा साहू दुर्ग, चतुर्थ भावना साहू रायपुर, पंचम स्थान मनीषा तिग्गा खमारडीह को शील्ड एवं मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पुरुष वर्ग में प्रथम कदीप जांगड़े पामगढ़, द्वितीय नरेंद्र साहू सांकरा, तृतीय हरिहर बरिहा, महिला वर्ग में प्रथम नर्मदा साहू सांकरा, द्वितीय रोहिणी रोहिना, 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम शिवप्रसाद बिलाईगढ़ द्वितीय सरजू प्रसाद सिमगा एवं गुलजारीलाल डंडाइडीह को पुरस्कृत किया गया।



मैराथन में शामिल होने सरसींवा पहुंचे दूर दूर के धावक।

**छत्तीसगढ़ के मिल्खा सिंह बने आकर्षण के केंद्र**

सरसींवां योद्धा मिनी मैराथन 2023 का शानदार आयोजन देखने को मिला। इस आयोजन में दूर दूर से धावक सरसींवां पहुंचकर न सिर्फ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया बल्कि क्षेत्र वासियों को रोमांचित कर दिया। जब 80 वर्ष की उम्र के लोग बिस्तर पकड़ लेते हैं, उस उम्र में कोई प्रतिभागी मैराथन में भाग ले तो लोगों का आश्चर्यचकित होना स्वाभाविक है। छत्तीसगढ़ के मिल्खा सिंह के नाम से मशहूर 85 वर्षीय सरजू प्रसाद ने भी युवाओं के हौसला अफजाई के लिए न सिर्फ मैराथन की दौड़ लगाई बल्कि लोगों का दिल जीत लिया।

**इन धावकों को भी मिला सम्मान**

मैराथन दौड़ में भाग लेकर उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वाले लोमश कुमार कुरूद, दिनेश पामगढ़, भोजराम कोट, अनिल यादव पामगढ़, असलेश सूरजपुर, अरुण सलखंड, देवप्रकाश शक्ती, भानु चंद्रा मालखरौदा, सुनील कोट, यशराज गगोरीटांड़, रोशनसिंह गोरेल्ला, करण कुमार जांजगीर, सूरज डभरा, नूतन कोरबा, दीपक घिवरा, झरना सरसींवां, जमुना पुसौर, गीतांजलि रायपुर, सरोजिनी सुखापाली, अनीता रायगढ़, शीतल पुसौर, लीना सरसींवां, पूर्णिमा पुसौर, कविता लैलूंगा, सोनाली डुरूमगढ़, अर्पिता पुसौर, अमिता रोहिना, हेमलता पीहरोद, 15 वर्ष से कम आयु वर्ग के प्रतिभागी हार्दिक शर्मा डभरा एवं प्रतीक साहू सरसींवां को भी सम्मानित किया गया।




## राजीव युवा मितान क्लब को दिए 8 करोड़ का मांगा हिसाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पूर्व की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरू हुई एक और योजना पर वर्तमान भाजपा सरकार ने भौंहें टेढ़ी की हैं। राजीव युवा मितान क्लब योजना के तहत युवाओं को हर साल चार किश्तों में एक लाख रुपए दिए जाने थे। अब सरकार बदली है तो हर जिले को पहले तो राशि अंतरण और व्यय पर रोक लगाने को कहा है। साथ ही व्यय की गई राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र भी मांगे हैं।

युवाओं को रचनात्मक कार्यों से जोड़ने के नाम पर पूर्व सरकार ने राजीव युवा मितान क्लबों का गठन किया था। प्रदेश में कुल 13ए 242 राजीव युवा मितान क्लबों का गठन हुआ था। इन क्लबों को विभिन्न गतिविधियों के लिए प्रत्येक तीन माह में 25 हजार रुपए के मान से सालाना एक लाख रुपए दिए जा रहे थे। योजना प्रारंभ होने से अब तक राजीव युवा मितान क्लबों को 132.48 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं, लेकिन इस राशि को कहां खर्च किया गयाए इसका कुछ भी पता नहीं है। रायगढ़ और सारंगढ़.बिलाईगढ़ जिले में 847 युवा.मितान क्लबों को 8.47 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं। इसलिए अब सरकार ने सभी कलेक्टरों को पत्र लिखकर पहले तो योजना के तहत दी गई राशि के व्यय की जानकारी और उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजने का आदेश दिया है। इसके बाद राशि के आगे व्यय करने पर रोक भी लगाई है।

■ क्लबों को दी गई राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने का आदेश

**राशि बर्बाद हुई, कोई काम नहीं हुआ**

राजीव युवा मितान क्लबों के नाम से दी गई राशि का उपयोग कहीं भी रचनात्मक कार्यों के लिए हुआ ही नहीं। रायगढ़ और सारंगढ़.बिलाईगढ़ जिले में 847 क्लबों को 8.47 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं। अंतिम किश्त संभवतरू आचार संहिता के पहले दी गई होगीए लेकिन इस राशि का उपयोग कहां किया गयाए इसकी जानकारी देने में अफसरों के पसीने छूटेंगे।

## कलेक्टर ने पॉलिटेक्निक, आईटीआई एवं आरसीटी प्राचार्यां की ली बैठक



**जशपुरनगर।** कलेक्टर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के शासकीय पॉलिटेक्निक, आईटीआई एवं आरसीटी प्राचार्यां की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने संस्थानों में संचालित कोर्स, समस्या, इंफ्रास्ट्रक्चर, मशीन औजार उपकरण सहित अन्य सामग्रियों के बारे में चर्चा की। उन्होंने सभी संस्था प्रमुख को शिक्षा एवं कौशल के क्षेत्र में अच्छा काम करने निर्देशित एवं प्रोत्साहित किया। जिससे जशपुर के युवा आर्थिक रूप से सुदृढ़ हो सके। उन्होंने युवाओं को प्लेसमेंट का बेहतर अवसर मिले इसके लिए सभी संस्था प्रमुखों को सैमसंग, विप्रो, टाटा, मारुति जैसे बड़े कंपनियों से संपर्क कर प्लेसमेंट की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्था में संचालित पाठ्यक्रम की जानकारी हेतु प्रचार पत्र करने के निर्देश दिए।

### घरघोड़ा में नए एसडीएम ने संभाला चार्ज

**घरघोड़ा।** नयी सरकार बनते ही छग सरकार ने प्रशासनिक कार्यों को जनता तक आसानी से पहुंचने के लिए और लंबे समय से जमे हुए अधिकारियों का तबादला कर प्रशासनिक कार्यों में कसावट लाने हेतु पूरे प्रदेश में तबादलों का दौर जारी है इसी तारतम्य में घरघोड़ा अनुविभागीय अधिकारी का तबादला किया गया है जिसमें पूर्व पदस्थ एस डी एम ऋषा सिंह की जगह रमेश मोर को घरघोड़ा एस डी एम के रूप में पदस्थ किया गया है। नए अनुविभागीय अधिकारी मोर से आज मीडिया और पत्रकार लोगों ने मुलाकात कर घरघोड़ा पदस्थापना पर बधाई दी एवं स्थानीय समस्याओं के बारे में चर्चा की गई ।

### अभिनव के एनएसएस शिविर का समापन

**पुसौर।** अवकाश का छात्रों द्वारा समुचित उपयोग हो साथ ही विपरीत परिस्थिति में कैसे अपने को अडिग रखना है। इस तारतम्य में पुसौर के अभिनव स्कूल प्रमुख अक्षय कुमार सतपथी ने शीतकालीन छुट्टी में ग्राम कर्राजोर में एनएसएस शिविर का कराया जिसमें शामिल छात्रों ने अपनी मस्ती में रहकर जहां शिविर के अनुशासन का पालन सामाजिक, शैक्षणिक और जीवन के मुल्यों को सीखा वहीं कड़कड़ाती ठंड में अपने और अपने टीम को बचाते हुए और संभव आदर्श दिनचर्या गुजारने में सफल हुए। ज्ञात हो कि शहीद नंदकुमार पटेल विश्व विद्यालय रायगढ से संबद्ध अभिनव विद्यामंदिर पुसौर की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर शासकीय पूव माध्यमिक शाला कर्राजोर डा. सुनील कुमार एक्का समन्वयक के निर्देशन में लगाया गया उक्त शिविर में बौद्धिक चर्चा में जिला संगठक भोजराम पटेल ने बताया कि स्वयं सेवक राष्ट्रीय सेवा योजना से अपना चरित्र निर्माण कर सकते हैं इसी कडी में हिन्दी के व्याख्याता सुधीर शर्मा नैतिकता और व्यवहारिकता का पाठ पढाया अंतिम दिवस पर सरपंच पंच एवं ग्रामीण जनों के समक्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वयं सेवक प्रस्तुत किए।

## राम जन्म के हेतु अनेका, परम विचित्र एक ते एकाः वेदांगनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा





धर्मनगरी कोतबा के तिलगोड़ा प्रांगण में आयोजित सार्वजनिक श्रीराम कथा के तीसरे दिन बुधवार को कथावाचीका पूज्य किशोरी वेदांगनी पाण्डेय ने प्रवचन में कहा कि भगवान श्रीराम का जन्म एक कारण से नहीं हुआ,कई कारण रहे हैं तब भगवान ने जन्म लिया है। राक्षसों का नाश तो करना ही था।

भक्तों का उद्धार, संतों का संरक्षण तथा राम राज्य की कल्पना को साकार रूप देने जैसे अनेक कारण रहे हैं। तभी तो संत तुलसीदास ने लिखा है कि 'राम जन्म के हेतु अनेका, परम विचित्र एक ते एका..' जब-जब होई धरम की हानि। बाढ़हि असुर अधम अभिमानी। तब-तब प्रभु धरि विविध शरीरा। हरहि कृपानिधि सज्जन पीरा।', 'भये प्रकट कृपाला दीन-दयाला कौशल्या हितकारी' रामचरित मानस की एक के बाद एक चौपाइयों की व्याख्या करते हुए पूज्य किशोरी जी ने राम भगवान का जन्म दुष्टों के संहार कर धर्म की स्थापना करने हेतु हुवा है। प्रसंग व्याख्यान करते हुए बताया कि भगवान राम के जन्म का उद्देश्य संसार में धर्म की स्थापना करने के साथ-साथ अधर्म का नाश करना था। साथ ही साथ अपने भक्तों को मनोरथ को भी पूर्ण करना था। देवर्षि नारद ने भगवान विष्णु से आग्रह किया कि आपको मनुष्य योनि में जन्म लेने के बाद भक्तों की रक्षा करनी होगी। तब अयोध्या के राजा दशरथ ने पुत्र प्राप्ति के लिए यज्ञ किया। इसके बाद ही भगवान राम का जन्म हुआ। वही जय और विजय जो भगवान के पार्षद थे श्रापवश मनुष्य योनि में जन्म लेकर रावण और कुंभकर्ण बनते हैं। रावण, कुंभकरण और विभीषण तपस्या में लीन रहते हैं। ये सभी ब्रह्मा जी से वरदान पाकर बलवान हो जाते हैं। शक्ति मिलने के कारण रावण, कुंभकरण का आतंक चारों ओर फैलता है, जिससे मनुष्य से लेकर जीव-जंतु और देवता भी घबरा जाते हैं। संत समाज को घोर यातना देने के साथ ही रावण देवताओं को बंदी बना लेता है। सभी देवता अपनी सुरक्षा को लेकर भगवान विष्णु के पास आते हैं। पृथ्वी पर अधर्म को बढ़ता देख भगवान विष्णु राम का अवतार धारण कर पृथ्वी पर अवतरित होते हैं। अयोध्या नरेश राजा दशरथ के घर पुत्रों का जन्म पर खुशी का माहौल दिखता है। कुछ समय बाद चारों राजकुमारों की शिक्षा गुरुकुल में होती है। थोड़े समय बाद गुरु वशिष्ठ ताड़का वध के लिए राम को लेने अयोध्या नरेश के यहां आते हैं। गुरु की बात सुन राजा दशरथ पुत्र मोह में पड़ते हैं, लेकिन वो गुरु को समझाने के बाद राजहित के लिए अपने पुत्र राम और लक्ष्मण को गुरु के साथ भेज देते हैं। गुरु की आज्ञा से भगवान राम ताड़का का वध करते हैं। ताड़का के आतंक से ऋषि-मुनियों को भय मुक्त बनाने के साथ धर्म की स्थापना करते हैं। चारों ओर भगवान राम का जय-जयकार होती है। श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथावाचीका पूज्य किशोरी वेदांगनी पाण्डेय ने शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग भी सुनाया। प्रसंग सुन श्रद्धालु भावविभोर हो गए।पूज्य किशोरी जी ने कहा कि जब सती मरने लगी तो राम जी से वरदान मांगी कि जब भी धरती पर जन्म लूं तो शिव के पत्नी के रूप में ही जन्म लूं। राम ने वरदान दिया और राम जी के वरदान के कारण ही सती का जन्म पर्वतराज हिमालय के घर में हुआ और देवर्षि के कहने पर मां पार्वती जब घोर कठिन तपस्या करती है। जिसके बाद राम जी की कृपा से आकाशवाणी होती है कि आपको त्रिपुरारी पति के रूप में मिलेंगे।उन्होंने कहा कि तप के करने से ही लक्ष्य की प्राप्ति होती है। जब लक्ष्य बड़ा हो तो पुरुषार्थ की परिधि बढ़ जाती है। इसके बाद जब माता पार्वती बड़ी हो जाती है, तो पर्वतराज को उनकी शादी की चिंता सताने लगी तो एक दिन पर्वतराज के घर देवर्षि नारद पधारे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया।

## क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेताओं को कौशल्या साय ने किया पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

अंतर्राजीय क्रिकेट स्पर्धा करण कप तमनार 2023-24 का छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय राष्ट्रीय अध्यक्ष कंवर समाज के मुख्य आतिथ्य, मुख्यमंत्री के सुपुत्र तोषेन्द्र साय के विशिष्ट आतिथ्य में विजेता कोलम भोपाल उपविजेता तमनार तृतीय विजेता बोबा 11 को पुरुस्कृत किया गया। सर्वप्रथम सर्वोदय नवयुवक मंडल पटनायक मोहल्ला समस्त ग्रामवासी तमनार द्वारा आयोजित करण कप स्पर्धा में पधारे अतिथियों का आतिशबाजी गाजे बाजे के साथ पुष्पगुच्छो से भव्य स्वागत किया गया।

श्रीमती कौशल्या साय ने हाई स्कूल मैदान तमनार में सांसद मद से भव्य मंच, जेएसपी फाउंडेसन जेपीएल तमनार से गैलेरी निर्माण हेतु शिलान्यास किया गया। श्रीमती कौशल्या साय ने खेल खिलाड़ियों व आयोजन समिति को अंतर्राजीय क्रिकेट स्पर्धा करण कप व नूतन वर्ष की शुभकामनाएं देते कहाकि खेल में हार जीत होते रहता है हमे दोनों में आनन्द लेना चाहिए। विजेता टीम धरतीमाता को नमन करें जिनके लिए तालियां बजीं और उपविजेता टीम आगे अच्छे से खेलकर विजेता बनें।

सूर्यदेव उगता है तो लाल डूबता है तो लाल रहता है हमें सुख दुख का सामना करते आगे बढ़ना है। उन्होंने 22 जनवरी को हर घर के आंगन में गोबर लिपाई कर रंगोली आरती सजाकर 5 दीप जगमग कर दीपोत्सव मनाने आग्रह किया गया। करण कप के संस्थापक विश्वास पटनायक ने छतीसगढ़ के मुख्यमंत्री के धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय, सुपुत्र तोषेन्द्र साय अन्य अतिथियों का पधारने व समिति द्वारा निर्विघ्न सम्पन्न कराने पर बधाई दिए। उन्होंने आगामी वर्ष हेतु मुख्यमंत्री सपरिवार को पधारने का आग्रह किया गया।

पूर्व मंत्री सत्यानन्द राठिया ने हाई स्कूल मैदान में मंच निर्माण हेतु रायगढ़ सांसद साय द्वारा 10 लाख रुपए सौगात एवं गैलेरी निर्माण हेतु जेएसपी फाउंडेशन जेपीएल तमनार द्वारा 20 लाख प्रदाय की श्रीमती कौशल्या साय के हाथों शिलान्यास करने पर आभार प्रकट करते खिलाड़ियो को राज्य व राष्ट्रीय स्तर में खेलने एवं आयोजन समिति को भव्य व बेहतर आयोजन हर साल करते रहने बधाई दी गई। मानस वक्ता गोकुलानन्द पटनायक, समाजसेवी अश्वनी पटनायक, गुरूपाल सिंह भल्ला, भाजपा मंडल अध्यक्ष जतिन्द्र साव द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया गया।

## सीमा व हरिओम को वैरागकर स्मृति सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इप्टा रायगढ़ के नाट्य समारोह रंग अजय में मंगलवार को मध्यप्रदेश इप्टा के सीमा राजोरिया व हरिओम राजोरिया को शरद चंद्र वैरागकर स्मृति रंगकर्म सम्मान से सम्मानित किया गया। इस सम्मान का 13 वां वर्ष है। हर वर्ष रंगकर्म के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले व्यक्ति को यह सम्मान दिया जाता है। इप्टा रायगढ़ के साथ साथ रायगढ़ की विभिन्न संस्थाओं ने भी सीमा राजोरिया व हरिओम राजोरिया को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इप्टा रायगढ़ के साथ सांस्कृतिक संस्था गुड़ी, रिटायर्ड बैंकर्स क्लब, साईं शरण हाउसिंग सोसाइटी, शाहिद कर्नल विप्लव त्रिपाठी मेमोरियल ट्रस्ट, खेल संघ रायगढ़, जिला बचाओ संघर्ष मोर्चा, सद्भावना सांस्कृतिक सेवा समिति, छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ ने भी सीमा राजोरिया व हरिओम राजोरिया का सम्मान किया। इप्टा के संरक्षक मुमताज़ भारती ने सुनील चिपडे को सम्मान के लिए बधाई दी। मुख्य अतिथि आशा त्रिपाठी ने सीमा राजोरिया व हरिओम राजोरिया को सम्मान देने के लिए चयन समिति की भूरी भूरी प्रशंसा की। सीमा राजोरिया व हरिओम राजोरिया ने अपने सबोधन में कहा कि वो रायगढ़ की जनता से मिले प्यार और सम्मान पाकर अभिभूत हैं।

